वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः पू0वि0वि0/डी0एस0डब्ल्यू0/967/2023–24 **अतिआवश्यक/समयबद्ध** दिनांक : 12.10.2023

आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जौनपुर, एवं गाजीपुर जनपद के महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्राचार्य को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2023–24 हेतु दिनांक 15 सितम्बर, 2023 को जारी की गयी समय–सारणी के अनुसार जो शिक्षण संस्थान (महाविद्यालय) स्कालरशिप पोर्टल के मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित नहीं हैं वे (नवीन शिक्षण संस्था जिन्हें 15 जुलाई, 2023 तक सम्बद्धता प्राप्त हो गयी है।) दिनांक 21 सितम्बर, 2023 से दिनांक 19 दिसम्बर, 2023 तक अपने–अपने जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी से लागिन पासवर्ड प्राप्त कर मास्टर डाटा बेस में अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित सूचनाएं पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रमवार पूर्णांक, (सेमेस्टर होने की दशा में दोनों सेमेस्टर के अंको को जोड़ते हुये) विश्वविद्यालय का नाम आदि सूचनाओं को स्कालरशिप पोर्टल पर अपलोड करके डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित कर लें।

2–जो महाविद्यालय मास्टर डाटा में पहले से सम्मिलित हैं वे अपने संस्थान से सम्बन्धित सूचनाएं/विवरण (पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रमवार पूर्णांक आदि) अद्यतन कर डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित कर लें जिससे आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राएं समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान की जा रही छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त करने हेतु आनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन फार्म भर सके।

3–दिनांक 27 सितम्बर, 2023 को जारी दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2023 हेतु जारी शासनादेश के पृष्ठ संख्या 15 के अनुसार जो आधार बेस्ड बायोमैट्रिक अटेण्डेंस लागू किये जाने के सम्बन्ध में है, जिसके प्रथम चरण (वित्तीय वर्ष 2023–24) में समस्त राज्य विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध बी0एड0 पाठ्यक्रम वाले संस्थानों के लिये आधार बेस्ड बायोमैट्रिक अटेण्डेंस दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपर्ति सत्र 2023–24 में शासन द्वारा अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। **उक्त के क्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय जनपद जौनपुर एवं गाजीपुर के प्राचार्य/प्रबन्धकों से अनुरोध है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2023–24 हेतु मास्टर डाटा की कापी, मान्यता की कापी (सम्बद्धता का लेटर की छाया प्रति) के साथ बी0एड0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की आधार बेस्ड बायोमैट्रिक अटेण्डेंस अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें जिससे आपके महाविद्यालय से सम्बन्धित सूचनाएं स्कालरशिप पोर्टल पर सत्यापित की जा सके।**

12/10/23

सहा0 कुलसचिव
(छात्रवृत्ति)

प्रतिलिपिः–

1– जिला समाज कल्याण अधिकारी गाजीपुर एवं जौनपुर के सूचनार्थ।
2–निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3–आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4–विश्वविद्यालय वेबसाइट प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5–अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।

सहा0 कुलसचिव
(छात्रवृत्ति)